हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 1 अप्रैल 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 नए शिक्षा सत्र से सभी कॉलेजों में संचालित होगा नई शिक्षा नीति का पाठ्यक्रम



## खबर संक्षेप

### लोकसभा चुनाव के लिए कराया मतदान दलों का प्रथम रेंडमाइजेशन

**अंबिकापुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान गठित होने वाले मतदान दलों के पहले चरण का रेंडमाइजेशन कराया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के एनआईसी रूम में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों लुंड्रा, अंबिकापुर एवं सीतापुर तथा भटगांव विधानसभा क्षेत्र सहित कुल 786 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों का ऑनलाइन रेंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान रिजर्व दलों और 75 माइक्रो आब्जर्वर के लिए भी रेंडमाइजेशन किया गया है। गौरतलब है कि एक मतदान दल में एक पीठासीन अधिकारी तथा तीन मतदान अधिकारी होते हैं। हर विधानसभा में 10 महिला प्रबंधित संगवारी मतदान केंद्र, 5 युवा और 1 दिव्यांग प्रबंधित मतदान केंद्र होंगे। इस तरह जिले में कुल 30 महिला प्रबंधित संगवारी मतदान केंद्र, 15 युवा और 3 दिव्यांग प्रबंधित मतदान केंद्र होंगे। निर्वाचन के दौरान मतदान दलों में जिले के 3930 कर्मियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री भोस्कर की मौजूदगी एवं दिशा-निर्देश अनुरूप एनआईसी प्रभारी जियाउर रहमान ने निर्वाचन विभाग के पीपीआरएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन संपन्न कराया। रेंडमाइजेशन के पश्चात मतदान दलों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, जिपं सीईओ नूतन कंवर एवं निर्वाचन से संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### 28 वर्षों से फरार लूट का वारंटी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस द्वारा वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने लूट के मामले में 28 वर्षों से फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को पंडरापाठ के ग्राम साम्भर भड़िया के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार जशपुर जिले के बगीचा सांभर भड़िया निवासी 40 वर्षीय विमल उर्फ बंडा कोरवा आ. लोहरा राम कोरवा पर वर्ष 1997 में 457, 394 के तहत लूट का अपराध दर्ज किया गया था। आरोपी के खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी किया गया था जिसके बाद पुलिस टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र चौकी पण्डरापाठ में घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। वहीं माह मार्च में कुल 361 गिरफ्तारी वारण्ट एवं 88 स्थायी वारंट तामील कराए गए है। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक शत्रुधन सिंह, आरक्षक रूपेश महंत, आरक्षक उमाशंकर साहू सक्रिय रहे।

### मवेशियों से भरा पिकअप छोड़कर फरार हुए तस्कर

**अंबिकापुर।** ग्रामीणों के डर से तस्कर मवेशियों से भरा पिकअप वाहन छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से 15 नग गाय, बैल को बरामद करने के साथ ही पिकअप चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है इसके साथ ही पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बलरामपुर जिले के कुसमी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 मार्च की सुबह ग्राम सिविलदाग निवासी संतोष बुनकर के घर के सामने एक सोल्ड पिकअप वाहन खड़ा था। संदिग्ध रूप से खड़े पिकअप की जब ग्रामीण ने तलाशी ली तो उसने मवेशी भरे हुए थे। ऐसे में उसने इस बात की जानकारी गांव के सरपंच देवसाय भगत को दी जिसके बाद सूचना पर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सोल्ड पिकअप वाहन से 15 नग गाय व बैल बरामद किया है।



रमज़ान मुबारक
बाईसवां रोज़ा
आज का इफ्तार - 6.17 बजे
कल की सेहरी - 4.24 बजे

### तीन किश्तों में मिली थी निगम को स्वीकृति

# शहर में एक वर्ष बाद भी पूर्ण नहीं हो पाया 22 करोड़ के डामरीकरण व रिपेयरिंग का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- ठेकेदार की लापरवाही से अब तक कार्य अधूरा

शहर में ठेकेदार व अधिकारियों की हीला हवाली के कारण एक वर्ष में भी डामरीकरण का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। अभी भी शहर में 30 प्रतिशत से अधिक का डामरीकरण व पैच रिपेयरिंग का काम बाकी है। वर्तमान में भी लेबर नहीं होने के कारण ठेकेदार द्वारा काम बंद कर दिया गया है लेकिन इन सब लापरवाहियों का खामियाजा शहर की जनता को भुगतना पड़ रहा है। बता दें कि शहर के सड़कों की दशा वर्षों खराब है। जर्जर व गड्ढों में तब्दील सड़क पर लोगों को आवागमन में होने वाली समस्या के मद्देनजर नगर निगम द्वारा शासन से 22 करोड़ के डामरीकरण व पैच रिपेयरिंग के कार्यों की स्विरकिटी कराई गई थी। पूर्व में नगर निगम को 5 व 7 करोड़ की स्वीकृति शासन से मिली इसके बाद एकमुश्त 11 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है और शासन लगभग अप्रैल माह में डामरीकरण के कार्य की शुरुआत की गई थी। शासन से तो लगातार सड़कों के मरम्मत हेतु राशि स्वीकृत होती रही लेकिन निगम के अधिकारी व ठेकेदार इसके निर्माण को लेकर गंभीर नजर नहीं आए यही वजह है कि एक वर्ष का समय बीत जाने के बाद भी 22 करोड़ के डामरीकरण का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। डामरीकरण के दौरान अधिकारी कभी तापमान में गिरावट आने पर डामर के ठीक से नहीं चिपकने, कभी बारिश का हवाला दिया गया। इसके साथ ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी नगर निगम ने पूरे विधानसभा चुनाव के दौरान डामरीकरण का कार्य नहीं किया। चुनाव संपन्न होने के साथ ही सड़क मरम्मत का कार्य शुरू हुआ लेकिन इस बीच भी ठेकदार व निगम के अधिकारियों की उदासीनता के कारण काम बंद रहा और वर्तमान में भी डामरीकरण का काम बंद है। ऐसे में जिस कार्य को पहले ही पूर्ण हो जाना चाहिए था व वो अब तक जारी है। अधिकारी अभी भी मई महीने तक डामरीकरण का कार्य पूर्ण होने की बात कह रहे है।



उधड़ी हुई नव निर्मित सड़क।

### निर्माण के बाद उधड़ रही सड़क

शहर में करोड़ो रुपए खर्च कर निगम द्वारा सड़क पर डामरीकरण का कार्य जा रहा है लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि निर्माण के बाद से कई स्थानों पर सड़क से डामर व गट्टी अलग हो गई है। सड़क उधड़ने के साथ ही छर्रे सड़क पर बिखरे पड़े है। हालांकि इसे लेकर अधिकारियों का कहना है कि तापमान में होने वाले परिवर्तन के इस तरह की स्थिति बन रही है लेकिन कई स्थानों पर डामरीकरण के बाद सड़क का यही हाल है। वहीं कई स्थानों पर बनने के बाद सड़क पर खुदाई कर दी गई और अब सड़क पर गड्ढे होने के साथ ही सड़क उधड़ रही है। ऐसे में 22 करोड़ की सड़क ज्यादा दिनों तक शहर की जनता को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध नहीं करा पाएगी।

### ठेकेदारों को नहीं हो रहा भुगतान

नगर निगम हमेशा से ही आर्थिक तंगी से जूझता रहा है। वर्तमान में नगर निगम द्वारा जो कार्य कराए जा रहे है उसके लिए शासन से पूर्व में स्वीकृति मिल गई थी। निगम द्वारा दो ठेकेदारों की मदद से डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा है लेकिन ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों का भुगतान साढ़े तीन करोड़ से अधिक शासन की ओर से जारी नहीं किया गया जबकि यह राशि पूर्व से स्वीकृत थी। इस दौरान अधिकारियों ने ठेकेदारों से अतिरिक्त कार्य भी करा लिए। अब जाकर शासन से निगम को स्वीकृत राशि की किश्त जारी की गई है जिसके बाद एक करोड़ का भुगतान किया गया है। हालांकि शहर में 22 करोड़ की लागत से डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है और अभी भी शहर में लगभग 7 करोड़ रुपए के कार्य किए जाने शेष है।

### अप्रैल तक का दिया है समय

शहर में कुल 22 करोड़ के कार्य स्वीकृत हुए थे। अभी भी 5 से 6 करोड़ का काम शेष रह गया है। गुवात्तापूर्ण निर्माण को अप्रैल माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। जिन स्थानों पर सड़कों से संबंधी शिकायतें मिल रही है वहां जांच कराई जाएगी।

-डॉ. अजय तिर्की, महापौर



# 535 नग नशीले इंजेक्शन के साथ तीन युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- गढ़वा से लाकर खपा रहे थे युवक

शहर में नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत गांधीनगर पुलिस बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने ग्राहक का इन्तजार कर रहे तीन युवकों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 535 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया है जिसकी कीमत लगभग साढ़े तरह हजार रुपए आंकी गई है। युवकों ने झारखंड से नशीली दवाएं लाकर खपाने की बात कबूल की है। बता दें कि आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर ऑपरेशन विश्वास चलाया गया है। इस अभियान के तहत गांधीनगर पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि महुआपारा चर्च के समीप गौरव पांडेय, राहुल साहू व अनुज केरकेट्टा भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन रखकर बिक्री के लिए ग्राहक का इन्तजार कर रहे है। सूचना के बाद टीआई अश्वनी सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर गौरव पांडेय, राहुल साहू व अनुज केरकेट्टा को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली गई। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन 535 नग बरामद किया। जब्त इंजेक्शन की कीमत 13 हजार 399 रुपए आंकी गई है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने गढ़वा निवासी अंकित जायसवाल से इंजेक्शन खरीदने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने मामले में गांधीनगर निवासी 25 वर्षीय गौरव पांडेय, कोरिया पटना हाल मुकाम सुभाष नगर निवासी 20 वर्षीय राहुल साहू व महुआपारा निवासी 27 वर्षीय अनुज केरकेट्टा को एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कार्रवाई में थाना गांधीनगर से आरक्षक अतुल सिंह, आरक्षक ऋषभ सिंह, सायबर सेल से आरक्षक मनीष सिंह, आरक्षक जितेश साहू सक्रिय रहे।

# धूमधाम से मनाया गया प्रभु यीशु की मृत्यु पर विजय का पर्व ईस्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- महा गिरजाघर में हुए विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, पास्का मोमबत्ती के साथ हुई प्रार्थना

प्रभु यीशु की मृत्यु पर विजय का पर्व ईस्टर संभाग व जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। ईस्टर के मौके पर महागिरजा घर सहित सभी चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गई और धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण कराए गए। समाज के लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर प्रार्थना की व रात 12 बजे चर्च की घंटियां बजते ही समाज खुशियों से झूम उठा व जमकर आतिशबाजी की गई। नवापारा स्थित बेदाग इश्माता महागिरजा घर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के दौरान बिशप अंतोनिस बड़ा ने समाज के लोगों को सन्देश देते हुए कहा कि प्रभु येशु का पुनरुत्थान अर्थात पास्का की वास्तविकता हम ख्रीस्तीयों के लिए आस्था व विश्वास का प्रमुख केंद्र बिंदु है। मसीहियों का यह सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण त्यौहार है क्योंकि यही ख्रीस्तीय विश्वास की आधारशिला है। ईसाई धर्म का अस्तित्व सिर्फ यीशु के पुनरुत्थान के कारण ही संभव हुआ है। ईस्टर की पूर्व संध्या पर खचाखच भरे चर्च परिसर में शनिवार रात 10 बजे से विशेष प्रार्थना सभा प्रारम्भ हुई जो मध्य रात्रि तक चलती रही। पुण्य शनिवार की रात 10 बजे पास्का मोमबत्ती के आशीष के बाद समुदाय द्वारा घरों से लाई हुई मोमबत्तियां पास्का मोमबत्ती से प्रज्वलित कर समस्त धर्म विधियां प्रारंभ हुई। समस्त धार्मिक अनुश्ठान बिशप अंतोनिस बड़ा की अगुवाई में व्हीकर जनरल फादर विलियम उर्रे व पल्ली पुरोहित फादर जार्ज ग्रे कुजूर ने संयुक्त रूप से सम्पन्न कराई। इस दौरान पवित्र बाइबिल से नौ पाठों का वाचन डॉ. रोजलिन एक्का, श्रीमती क्रेसेंसिया लकड़ा, अंतोनिस लकड़ा, सिस्टर स्वेता व पारा टोलों से पहुंचे समुदाय के लोगों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान बीच बीच में फादर अनुरंजन तिग्गा, फादर जॉन, फादर मुक्ति व युवा संघ की टीम के भक्ति गीतों से चर्च परिसर गुंजायमान होता रहा। प्रभु यीशु को समर्पित भक्ति गीतों की प्रस्तुति को भक्तों ने खूब सराहा। सुसमाचार का वाचन फादर विलियम उर्रे ने किया। परम प्रसाद वितरण के साथ ही समस्त धार्मिक अनुश्ठान सम्पन्न हुए। रात 12 बजते ही चर्च की घंटियां बजना शुरू होते ही चर्च के बाजू में ही काथलिक युवा मंच के युवाओं ने जमकर आतिशबाजी कर अपनी खुशियों के संदेश को दिया। इस अवसर इस अवसर पर महापौर अजय तिर्की, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, फादर अमृत, फादर निर्देश, फादर पीटर, फादर ज्ञान प्रकाश लकड़ा, फादर माइकल तिर्की, ईई पीएचई प्रदीप खलखो, डॉ. योगिता, सभापति फ्रांसिस केरकेट्टा, रुबेन तिग्गा, कुलदीप कुजूर, अरुण मिंज, जगजीत मिंज भानु दादा, बिपिन व युवा संघ, महिला संघ के पदाधिकारी सहित शहर में समुदाय द्वारा संचालित संस्थानों के प्रमुख फादर सिस्टर्स व हजारों की संख्या में मसीहिजन उपस्थित थे।



प्रार्थना करते बिशप व समाज के लोग।

## युवती को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में युवक गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** युवती को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मृतिका को शादी का झांसा देकर उसके साथ प्रेम संबंध बनाए हुए था और जब युवती ने शादी की बात की तो आरोपी ने उससे झगड़ा कर भगा दिया था जिसके बाद युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। धौरपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चंदेश्वरपुर निवासी 19 वर्षीय दिनेश सिंह पुसाम का युवती से चार वर्षों से प्रेम संबंध था। इस दौरान उसने युवती को शादी करने का वादा किया था लेकिन बाद में वह शादी से मुकर गया। 19 फरवरी की रात युवती आरोपी दिनेश सिंह के घर पहुंची थी और शादी करने की बात कही तो आरोपी ने उससे झगड़ा कर भगा दिया और शादी करने से इनकार कर दिया। वहीं अगली सुबह 20 फरवरी को युवती की लाश कटहल पेड़ पर फांसी से लटकी मिली थी। युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही थी और जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी युवक दिनेश सिंह पुसाम को धारा 306 के तहत गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में थाना धौरपुर से प्रधान आरक्षक जयनाथ भगत, आरक्षक नेस्तोर कुजूर, आरक्षक सैनाथ लकड़ा, आरक्षक मुनेश्वर पन्ना सक्रिय रहे।

# शहर के मुख्य चौराहों पर बनाए जाएंगे ट्रैफिक बूथ, पर्याप्त रौशनी की होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- स्पीड ब्रेकर, साइलेंस जोन, नो एंट्री बोर्ड सहित अन्य संकेतक के साथ रिफ्लेक्टिव मिरर लगेंगे

शहर को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के साथ ही शहर के चौक चौराहों पर यातायात नियमों के तहत व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए नगर निगम, लोनिवि व यातायात विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर कार्य योजना बनाई गई। निरीक्षण के दौरान शहर के चौक चौराहों, सड़कों, पेय जल व्यवस्था, सांकेतिक चिन्ह, रोड़ लाईट, ट्रैफिक सिग्नल, ट्रैफिक आईलैण्ड, ट्रैफिक मार्किंग, सायलेंस जोन, स्पीड ब्रेकर, एण्ट्री बोर्ड, प्रतिबंधित क्षेत्र, रिफ्लैक्टर रेडियम इत्यादि का किया गया निरीक्षण। बता दें कि शहर में यातायात व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के साथ ही लोगों की सड़क सुरक्षा को लेकर कलेक्टर भोस्कर विलास व एसपी विजय अग्रवाल द्वारा अधिकारियों की बैठक ली गई थी। बैठक के बाद सरगुजा पुलिस से राजपत्रित अधिकारियों, नगर निगम कमिश्नर, लोनिवि, यातायात विभाग की टीम द्वारा चौक-चौराहों एवं सड़कों एवं यातायात व्यवस्था इत्यादि का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी चौक चौराहों पर यातायात जागरूकता के लिए जिंगल साउंड सिस्टम लगाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही ट्रैफिक सिग्नल, ट्रैफिक आइलैंड सभी चौक चौराहों व तिराहों पर बनाए जाने पर चर्चा की गई। चौक चौराहों व तिराहों पर पेयजल व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया है। शहर में चौक चौराहों पर यातायात नियमों की जानकारी के होर्डिंग लगाए जाएंगे व तिराहों पर रिफ्लेक्टिव मिरर लगाए जाएंगे। मुख्य चौक चौराहों पर ट्रैफिक बूथ बनाए जाएंगे। चौक चौराहों व तिराहों पर पर्याप्त रौशनी के लिए हाईमास्क लाइट लगाए जाएंगे ताकि सड़को पर अंधेरा के कारण हादसा न हो। सड़क पर घूमने वाले आवारा मवेशियों पर रिफ्लेक्टर रेडियम तेल लगाए जाएंगे और काऊ कैचर के माध्यम से मवेशियों को सड़क से हटाने का काम किया जाएगा। शहर के भीतर चौक चौराहों एवं तिराहों के साथ ही रिंग रोड में ट्रैफिक मार्किंग कराई जाएगी। शासकीय स्थल, हॉस्पिटल, शिक्षण संस्थान व अन्य स्थानों पर साइलेंस जोन के संकेतक, गति सीमा के बोर्ड लगाए जाएंगे। रिंग रोड से शहर के भीतर आने वाले भारी वाहनों हेतु नो एंट्री जोन, प्रतिबंधित क्षेत्र के बोर्ड लगाए जाने है। दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में से एक मुख्य मार्गों में मिलने वाली सभी छोटी सड़कों, चौक चौराहों पर ब्रेकर बनाए जाने है। कुछ चौक चौराहों के बीच स्थित प्रतिमाओं को विस्थापित किया जाएगा। सिग्नल के दौरान सड़क पर बाईं तरफ आवागमन जारी रहे इसके लिए सभी चौक चौराहों में बाए तरफ की सड़क पर सुधार कार्य कराए जाने का निर्णय लिया गया है। इन कार्यों के लिए नगर निगम, लोनिवि व जिला प्रशासन द्वारा कार्य योजना बनाई जाएगी।



### 18 स्कूल के 58 बसों की जांच, ज्यादतर संचालक पहुंचे नई बसें लेकर

# पहली बार मशीन से की गई स्कूल बसों के फिटनेस की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को जिला व पुलिस प्रशासन के निर्देश पर आरटीओ व यातायात विभाग द्वारा स्कूल बसों के फिटनेस की जांच की गई। पहले दिन शहर के 18 निजी स्कूलों में संचालित 58 बसों की जांच की गई है। इसके साथ ही 61 बस चालक व हेल्फर के नेत्र व स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। बड़ी बात यह है कि जांच में किसी भी बस में कोई कमी नहीं पाई है क्यों कि मशीन से होने वाली जांच में ज्यादातर बस मालिक अपनी नई बसों को लेकर पहुंचे थे। ऐसे में यातायात विभाग द्वारा उन्हें हिदायत दी गई है कि भविष्य में आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा और अगर निर्धारित बसों के अतिरिक्त कोई बस परिवहन कार्य में लगी हुई मिली तो उसपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि कलेक्टर भोस्कर विलास व एसपी विजय अग्रवाल द्वारा शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले सभी स्कूल बसों के फिटनेस जांच के निर्देश दिए थे। कलेक्टर एसपी के निर्देश पर आज नर्मदापुर में निजी सर्विस एजेंसी द्वारा लगाई ऑटो फिटनेश मशीन में बसों की जांच की गई। टीम द्वारा कुल 18 निजी स्कूलों के 58 बसों का भौतिक सत्यापन आज पहले दिन किया गया। इस दौरान किसी भी बस में किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई। इसके पीछे जो जानकारी निकलकर सामने आई है उसके मुताबिक बस संचालक मशीन से होने वाली फिटनेस जांच के कारण नई बसों को लेकर पहुंचे थे ताकि उनकी गड़बड़ी सामने ना आ सके। यातायात थाना प्रभारी विजय कैवर्त्य ने बताया कि बस संचालकों को हिदायत दी गई है कि जिन बसों के फिटनेस की जांच कराई गई है उन्हें ही बच्चों के परिवहन में उपयोग किया जाए और यदि आकस्मिक निरीक्षण में दूसरी बसें संचालित होती पाई जाती है उनपर कार्रवाई की जाएगी।



जांच करते अधिकारी।

### इन नियमों का पालन जरूरी

अधिकारियों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार बसों के आगे-पीछे स्कूल बस लिखा होना चाहिए, स्कूली बसों में प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स की व्यवस्था, प्रत्येक बसों में आग बुझाने के उपकरण, अगर किसी एजेंसी से बस अनुबंध पर ली गई है, तो उस पर ऑन स्कूल ड्युटी लिखा होना चाहिए, बसों में सीट क्षमता से अधिक बच्चे नहीं होने चाहिए, प्रत्येक स्कूल बस में हॉरिजेंटल ग्रिल लगे हों, स्कूल बस पीले रंग का हो, जिसके बीच में नीले रंग की पट्टी पर स्कूल का नाम और फोन नम्बर लिखा होना चाहिए, बसों के दरवाजे को अंदर से बंद करने की व्यवस्था होनी चाहिए, बस में सीट के नीचे बैग रखने की व्यवस्था होनी चाहिए, बसों में टीचर जरूर होने चाहिए, जो बच्चों पर नजर रखें, प्रत्येक बस चालक को कम से कम 5 साल का भारी वाहन चलाने का अनुभव हो, किसी भी ड्राइवर को रखने से पहले उसका सत्यापन जरूरी है, एक बस में कम से कम दो चालक होने चाहिए, चालक का कोई चालान नहीं होना चाहिए और न ही उसके खिलाफ कोई मामला दर्ज हो।

## खबर संक्षेप



### सिलफिली में खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव आज

**मदनपुर।** श्री श्याम सेवा समिति सिलफिली द्वारा हाई स्कूल ग्राउंड में तृतीय श्री श्याम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष शुभम अग्रवाल ने बताया कि समिति द्वारा विगत दो वर्षो से खाटू श्याम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कोलकाता के मशहूर भजन प्रवाहक सौरभ शर्मा, विवेक शर्मा और दिल्ली से संध्या तोमर द्वारा संध्या 6 बजे से भजनों की अमृत वर्षा की जाएगी। इस कीर्तन संध्या में सूरजपुर से पप्पू महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। दोपहर 3 बजे शहर में श्याम नाम की निशान यात्रा निकाली जाएगी। भव्य कीर्तन संध्या में कोलकाता के कारीगरों द्वारा दरबार का कार्य किया जा रहा है। दरबार में लगने वाले फूल और बाबा श्याम के सिंगार में लगने वाले फूल कोलकाता से मंगाए गए है। बाबा का श्रृंगार ड्राई फ्रुड्स के मला से किया जाएगा। संपूर्ण कीर्तन क्षेत्र को भव्य बनाने के लिए समिति के पदाधिकारी जोर-जोर से लगे हुए हैं। इस कीर्तन संध्या में सरगुजा संभाग से लगभग दो से ढाई हजार लोगों के आने की संभावना है। इस कीर्तन संध्या को सफल बनाने में समिति के शुभम अग्रवाल, धीरज विश्वास, शुभम गोयल,अमन अग्रवाल, प्रिंस अग्रवाल, कृष्ण गुप्ता, राजकुमार बैरागी, अभिषेक पाठक, धीरज अग्रवाल, शिव सिंह, अभिषेक, नोनी गोपाल बैरागी आदि सक्रिय है।

### कलश यात्रा के साथ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ



**अम्बिकापुर।** शिवांगी महिला मंडल गांधीनगर के तत्वावधान में गायत्री युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गौरीमंदिर प्रांगण में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का अयोजन प्रारंभ किया गया है। शनिवार को कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरूवात की गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं पुरूसों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दूसरें दिन रविवार की सुबह से ही श्रद्धालु हवन पूजन एवं अन्य कार्यक्रमों में शामिल रहे। हरिद्वार से आए प्रतिनिधि में एसएल सोनी, जेपी शर्मा, वंश राजवाड़े, पेज राम राजवाड़े एवं अंबिकेश्वर राजवाड़े द्वारा कार्यक्रम संपन्न कराए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में दोपहर में भंडारे एवं शाम को 500 दीपों का प्रज्वलन, पूर्णाहूति के टोलियों का विदाई कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सूरजपुर जिले के संयुक्त कलेक्टर प्रियंका वर्मा, पार्षद आलोक दुबे, डीईओ सूरजपुर रामललित पटेल, अधिवक्ता हुकुमचंद अग्रवाल, केके गुप्ता, श्याम दीन पांडेय, ओम गुप्ता शामिल रहे वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडल की अध्यक्ष श्रीमती वीणा गुप्ता, निशिकांत भगत, पिंकु माथुर, विपीन पांडेय, सीतारानी, पूनम जायसवाल, सुनीता शर्मा, श्यामपति बैगा, फुलवा मंडावी, सावित्री सिंह एवं किरण गुप्ता सक्रिय रहे।

### पिकअप की टक्कर से मवेशी की मौत, लोगों में आक्रोश

**प्रतापपुर।** इन दिनों शराबी वाहन चालकों में पुलिस का खौफ खत्म सा हो गया है। आलम यह है कि चालक न सिर्फ शराब पीकर चला है बल्कि दुर्घटना में कर देते है। स्थानीय हनुमान मंदिर के सामने चौपाटी समीप तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से एक मवेशी की मौत हो गई। मवेशी की मौत हो जाने पर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में भी चालक तेज रफ्तार वाहन दौड़ा रहा था जिससे मवेशी को टक्कर मार दिया। गनीमत था की अनियंत्रित हुए पिकअप की चपेट में आने से एक महिला व एक बच्चे बाल-बाल बच गए नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। इधर घटना को देख आसपास के लोग एकत्र हो गए और लोगों को आक्रोशित देख वाहन लेकर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल माहौल को शांत कराया। लोगों का कहना था कि तेज रफ्तार वाहन सहित चौपाटी के बाहर तक लोगों की वाहनों बेतरतीब की लाइन खड़ी होती है जिसके वजह से घटना बढ़ रही है। चौपाटी के सामने भीड़ हो जाने के कारण वह मुख्य मार्ग होने की वजह से बड़ी घटना टलते टलते बची। परंतु मवेशी की मौत हो गई। इस प्रकार की घटना आए दिन होती है और कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

## प्रशासनिक अधिकारियों ने दूसरी जगह व्यवस्था करने दिए थे निर्देश

# गुरुनानक चौक में हर सुबह लगता है मजदूरों का जमावड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- राहगीरों की बढ़ी परेशानी, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

शहर में वैसे तो कई चौक-चौराहे है परंतु शहर के बीच स्थित गुरुनानक चौक एक ऐसा चौक है जहां हर सुबह मजदूरों का जमावड़ा लगता है। मजदूरों का यह जमावड़ा किसी कार्यक्रम का नहीं बल्कि रोजी रोटी की जुगाड़ के लिए एकत्र होते है। हर रोज सैकड़ों की संख्या में मजदूर काम की तलाश में सुबह से ही चौक के समीप एकत्र हो जाते है जो किसी मेला से कम नहीं। गर्मी, बरसात या ठंड का मौसम हो बावजूद इसके चौक में लगने वाली भीड़ कभी कम नहीं होती है। हैरानी की बात यह है कि मजदूरों के लिए एक निश्चित जगह चिन्हांकित नहीं हो सकी जिससे मजदूर गुरूनानक चौक पर खड़े होने को मजबूर है। हालांकि कुछ माह पूर्व ही प्रशासनिक अधिकारियों ने शहर के भ्रमण के दौरान मजदूरों को किसी दूसरे जगह खड़े होने की व्यवस्था बनाने निर्देश दिए थे। परंतु मजदूरों के लिए निश्चित स्थान की व्यवस्था नहीं हो सकी। ऐसे में हर सुबह उमड़ने वाली मजदूरों की भीड़ अब शहर के लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। ऐसा ही रहा तो आने वाले दिनों में चौक के समीप कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मजदूर रोजगार की तलाश में संभाग मुख्यालय में काम की तलाश में आते है। हालांकि खेती किसानी के दौरान शहर में मजदूरों की संख्या कम होती है परंतु जैसे ही खेती किसानी का कार्य पूरा हुआ तो ग्रामीण गांव में रोजगार उपलब्ध नहीं होने से शहर की ओर पलायन करना शुरू कर देते है। शहर में भवन निर्माण सहित अन्य कार्य होने से मजदूरों को आसानी से काम मिल जाता है जहां कुछ दिन काम करने के बाद उन्हे पुनः काम की तलाश करना पड़ता है। ऐसे में मजदूरों को काम तलाश करने के लिए सुबह से ही निकला पड़ता है। घूम-घूम कर मजदूरी की तलाश नहीं की जा सकती जिस पर मजदूर शहर के बीच स्थित गुरूनानक चौक के समीप एकत्र होते है। हर रोज सैकड़ों की संख्या में हर सुबह चौक के समीप मजदूरों के एकत्र होने जमावड़ा लगता है। लोग अपने काम के मुताबिक मजदूरों को लेकर जाते है और काम खत्म होने पर मजदूरों को पुनः मजदूर चौक पर आकर नए काम की तलाश में खड़ा होना पड़ता है। यह सिलसिला कई वर्षो से चल रहा है जिससे अब गुरूनानक चौक मजदूरों के लिए एक अलग पहचान बन गई है। शहर के लोगों को भी मालूम है मजदूर सिर्फ गुरूनानक चौक समीप ही मिल सकते जिस कारण लोग जरूरत पड़ने पर सुबह सीधे थाना चौक आ जाते है जबकि मजदूरों को काम की जरूरत पड़ी तो वह भी भटकने के बजाये चौक पर ही आकर खड़े हो जाते है। हैरानी की बात यह है कि वर्षो से इस तरह की भीड़ मजदूरों की थाना चौक के समीप उमड़ती है परंतु आज तक नगर निगम द्वारा शहर में मजदूरों के खड़े होने जगह निर्धारित नहीं की। चौक के समीप सुबह से जो भीड़ उमड़ती है और भीड़ कम होने में कई घंटे लग जाते है। ऐसे में आवागमन तो प्रभावित होती है साथ ही हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। समय रहते अगर मजदूरों के लिए शहर में एक सुरक्षित जगह निर्धारित नहीं की गई तो आने वाले दिनों में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।



गुरूनानक चौक में मजदूरों का भीड़।

### बलरामपुर-जशपुर के होते है अधिकांश मजदूर

शहर के अलग-अलग क्षेत्र में भवन निर्माण सहित अन्य कार्य हो रहे है उसमे अधिकांश बलरामपुर-जशपुर के ग्रामीण ही मजदूरी करते है। हालांकि शहर के आसपास ग्रामीण क्षेत्र से भी ग्रामीण मजदूरी करने आते है परंतु उनकी संख्या कम है। खेती किसानी के मौसम में राजपुर, कुसमी, शंकरगढ़, जशपुर सहित अन्य गांव के मजदूर वापस घर लौट जाते है परंतु काम समाप्त होने के पश्चात पुनः लौट आते है।

### जगह निर्धारित करने की मांग

गुरुनानक चौक के समीप सुबह से ही मजदूरों के एकत्र होने तथा भीड़ होने के कारण मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित होती है। हर रोज ऐसी स्थिति होने तथा मार्ग से गुजरने वाले लोगों को हो रही परेशानी के मद्देनजर कैट के पदाधिकारियों ने पूर्व में ही ननि अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था। साथ ही मजदूरों के लिए पुराना बस स्टैण्ड में जगह उपलब्ध कराने की मांग की थी। जिससे गुरुनानक चौक के समीप मजदूरों की भीड़ न हो सके।

### बनाई जाएगी व्यवस्था

मजदूरों के लिए पूर्व में पुराना बस स्टैण्ड निर्धारित की गई थी। परंतु कुछ दिन वहां जाने के पश्चात पुनः वापस थाना चौक आने लगे। जबकि मजदूरों के लिए गांधी चौक के समीप शेड का निर्माण कराया गया है लेकिन मजदूर थाना चौक से दूसरी जगह जाना नहीं चाहते। त्यौहार खत्म होने के बाद जल्द ही मजदूरों के लिए एक स्थान पर व्यवस्था बनाई जाएगी

-डॉ. अजय तिर्की, महापौर



### कमांडेंट ने वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

भवरमाल स्थिति डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में छात्र छात्राओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। वार्षिक परीक्षा में एलकेजी से 9वी एवं 11वी में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि 12वीं बटालियन के कमांडेंट डीएस मरावी ने मार्कशीट, प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डीएवी देश की उत्कृष्ट शैक्षिक संस्थानों में एक है जहां शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी छात्र-छात्राओं को सिखाए जाते है। यहां से पढ़कर कई बच्चे आज देश के सर्वोच्च स्थान में अपनी सेवाएं दे रहे है। उन्होंने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अभिभावक शैलेश दुबे एवं प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि जब से अपने बच्चों को डीएवी में पढ़ा रहे हैं तब से उनके पढ़ाई से संतुष्ट है एवं बच्चे हमारे उत्तरोत्तर प्रगति कर रहे है। अभिभावक सुनील गुप्ता ने कहा कि खुशी है कि हमारे क्षेत्र में डीएवी संचालित हो रही है जहां उत्कृष्ट शिक्षा बच्चों को दी जा रही है। अभिभावक मोनिका अग्रवाल ने कहा कि बच्चों से जैसी प्रगति की हम अपेक्षा करते हैं वैसी प्रगति स्कूल में दिख रही है या हम सब अभिभावकों के लिए खुशी की बात है। प्राचार्य ज्ञानेंद्र बाजपेई ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस साल भी बच्चों ने बहुत ही अच्छा परीक्षा परिणाम दिया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। वार्षिक उत्सव परिणाम घोषणा के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम की सब ने जमकर सराहना की।

### बाइक भिड़ंत में एक युवक की हालत गंभीर

**मदनपुर।** ग्राम पंचायत मदनपुर में बाइक व बुलेट में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मदनपुर निवासी मानस मंडल आ. मनमत मंडल (38 वर्ष) आज गांव के ही सयन सरकार आ.सपन सरकार (17 वर्ष) के साथ मदनपुर चौराहा के समीप बाइक क्रमांक सीजी 15 सीपी 6152 में पेट्रोल भराकर जैसे ही मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बुलेट क्रमांक सीजी 29 एएफ 77910 का चालक टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने बाइक सवार को जिला अस्पताल भेजवाया। वही बुलेट सवार युवक के परिजन ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां घायल का उपचार जारी है।

## संकल्प अभियान में केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभ की ली गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



भाजपा मण्डल देवनगर के विशुनपुर बूथ क्रमांक 76 में बूथ विजय संकल्प अभियान सम्पन्न हुआ। पूर्व युवा आयोग के सदस्य व पूर्व जनपद उपाध्यक्ष विजय राजवाड़े को प्रभारी नियुक्त कर दायित्व सौंपा गया था जिसे 30 मार्च तक बूथ अध्यक्ष रतिराम राजवाड़े की अध्यक्षता में बूथ समिति के सदस्यों के साथ बूथ विजय संकल्प अभियान को प्रत्येक घरों में मतदाताओं को नरेंद्र मोदी की भारत सरकार की कौन से योजनाओं का लाभ मिला है इसकी जानकारी लिया गया। योजनाओं के संबंध में अधिकांश घरों के सदस्यों ने बताया कि विगत विधानसभा चुनाव में भाजपा का घोषणा पत्र, मोदी की गारंटी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भाजपा की सरकार बनते ही मोदी की गारंटी को छत्तीसगढ़ के जनताओं एवं माताओ तथा नवजवानों के लिए योजनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पूरी की। प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों को स्वीकृति प्रदान कर राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ के विवाहित माताओं एवं बहनों को प्रत्येक माह 1000 रुपये देने का भी निर्णय भाजपा सरकार विष्णु देव साय की सरकार ने नियम बनाते हुए विगत माह में प्रत्येक महिलाओं के बैंक खातों में राशि प्रदान किया गया। धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ के किसानों की 2 वर्ष का बचत बोनस को भी देने का निर्णय की गई और योजना के माध्यम से किसानों को अंतर की राशि विगत समय खातों में राशि भेजी गई। नवयुवकों के साथ छत्तीसगढ़ यूपीएससी परीक्षा में कांग्रेस सरकार द्वारा की गई घोटाले का जांच करवाने की मोदी गारंटी को भी विष्णु देव साय भाजपा सरकार ने सीबीआई को सौंपने का निर्णय लिया गया। बूथ प्रभारी विजय राजवाड़े द्वारा बूथ समितियों के समक्ष जनताओं से ली गई। इसी प्रकार देवनगर मण्डल के अंतर्गत आने वाले बूथों में भी बूथ विजय संकल्प अभियान चलाया गया।

## नोटिस जारी करने के विरोध में कांग्रेसियों ने निकाला मशाल जुलूस



**सूरजपुर।** केंद्र सरकार द्वारा सीबीआई, ईडी व आईटी के माध्यम से कांग्रेस पार्टी के खाते सीज करने एवं बिना सुनवाई किए एक तरफा टैक्स जमा करने हेतु नोटिस जारी कर परेशान करने की कार्रवाई के विरोध में जिला मुख्यालय में आज मशाल जुलूस निकाला और जमकर नारेबाजी की। ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष अश्विनी सिंह ने बताया कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के ठीक पहले देश की प्रमुख राष्ट्रीय विपक्षी दल कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करने का प्रयास एक महीने से अधिक समय तक चला रखा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को आईटी विभाग से 1823.08 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए ताजा नोटिस मिला। पहले ही आईटी विभाग ने कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। कांग्रेस के मुख्य बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है । लोकतंत्र पर इस तरह के लगातार गंभीर हमले किए जा रहे है औन विपक्षी नेताओं को टारगेट करते हुए उन्हें जबरन जेल भेजने का काम भाजपा की सरकार कर रही है। जिसके विरोध स्वरुप आज मशाल जुलूस निकाला गया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवती राजवाड़े, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी सिंह, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष रामकृष्ण ओझा, रामानुजनगर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप साहू, मनोज डालमिया, प्रदेश कांग्रेस सदस्य जफर हैदर, इस्माइल खान,जगत आयाम, मिहि यादव, संतोष पावले, रामदेव जगते, नवीन जायसवाल,अविनाश यादव, शरद प्रताप सिंह, दीपक कर, महेंद्र साहू, जाकेश राजवाड़े, विनय यादव, मुस्तफा खान, विजय ठाकुर, अमन रवि, परवेश, रवि,मोनू, अखिलेश, तारकेश्वर, वारिस खान, अफजल सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## युवती का इंस्टाग्राम अकाउंट हैक, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले में पदस्थ महिला आरक्षक की बेटी के इंस्टाग्राम अकाउंट को हैक कर अश्लील मैसेज भेजने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार महिला आरक्षक की बेटी के इंस्टाग्राम अकाउंट को अज्ञात व्यक्त द्वारा हैक कर लिया गया है और लोगों को अश्लील फोटो मैसेज भेजा जा रहा है। इस मामले की शिकायत महिला आरक्षक द्वारा पुलिस से की गई है जिसपर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 67 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
दिनांक-07 अप्रैल, 2024
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं. 73542 66553

डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
दिनांक - 07 अप्रैल 2024, दिन-रविवार

न्यूरो ओ.पी.डी.
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोब्लम, ब्रेन हिमेटोमा एवसीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसलटेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
रविवार, 13 अप्रैल, 2024
07774-221101, 9407810331, 9488142243

डॉ अनिल कुमार यादव
डॉ गौरव त्रिपाठी
डॉ रोशन लाल वर्मा
दिनांक- 31 मार्च 2024, रविवार
समय - सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 8713667433, 8617247433

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL

आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेजर मशीन द्वारा
लेजर के फायदे
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है
संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Mo. No. 07774-22500, 6263814276
9942344694, 9434062770

सरगुजा के सर्वप्रथम
स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक- 31 मार्च 2024, रविवार
नोट- डॉक्टर पांचवें रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर
"पारस हाइट्स", गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास, दरीपारा अम्बिकापुर, छ.ग., मो.- 7587722255

TOP IN SURGUJA

मंजूषा एकेडमी
COURSE GUIDANCE
DCA | PGDCA | BCA | BA | B.LIB MSW | PGDRD | MA | Tally | MBA | MSC | MCOM | M.LIB
AISECT TEPL CSC

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
MULTISPECIALITY HOSPITAL
डॉ रितेश गुप्ता
गायत्री मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल 9424250281, 8120906000, 8120809000

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) / सक्षम प्राधिकारी सूरजपुर, जिला - सूरजपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्रं. / अ-2/2023-24

**-:: ईश्तहार ::-**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-लक्ष्मणपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रीतू गोयल आ.विनय गोयल, जाति अग्रवाल, निवासी ग्राम अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम - लक्ष्मणपुर, प.ह.नं. 01, रा.नि.मं. विश्रामपुर, तहसील लटोरी स्थित स्वयं के खाते की भूमि खसरा क्रमांक 18/4, 19/2 रकबा क्रमशः 0.190, 0.380 हे. कृषि भूमि को अद्योगिक प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन -पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 09.04.24 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 26.03.24 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विशेष कर्तव्याधिकारी**
**भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर**

## सिटी स्पोर्ट्स

### ईस्टर संडे पर क्यों एक दूसरे को गिफ्ट में दिए जाते हैं अंडे



ईस्टर संडे ईसाई धर्म मानने वालों का एक खास त्योहार होता है, जो यीशु मसीह के पुनरुत्थान यानी प्रभु यीशु के पुनर्जन्म का प्रतीक है। यह ईसाई कैलेंडर के अनुसार साल का पहला रविवार होता है जो वसंत के बाद पड़ने वाले पहले पूर्णिमा के बाद आता है। 2024 में ईस्टर संडे 31 मार्च रविवार को होगा। क्या आप जानते हैं कि ईस्टर के त्योहार में अंडे का क्या महत्व होता है? आइए जानते हैं...

#### ईस्टर संडे का महत्व

ईसाईयों का मानना है कि यीशु मसीह को सूली पर चढ़ाए जाने के तीन दिन बाद, वे मृतकों में से जी उठे थे। ईस्टर संडे यीशु मसीह के पुनर्जन्म और मृत्यु पर विजय पाने का जश्न मनाने का दिन है। साथ ही इस दिन ईसाई धर्म में अंडे को नए जीवन का प्रतीक माना जाता है। यही वजह है कि ईस्टर के दिन लोग गिफ्ट के तौर पर अंडे दिया करते हैं और खास तरह से सजाते हैं। अंडे को रंग-बिरंगे रंगों से रंगकर कलाकृतियां की जाती है। ईसाई धर्म के लोग ईस्टर संडे पर एक-दूसरे को अंडे, चॉकलेट, बन्नी, मिठाइयां, फूल, कपड़े जैसे उपहार देते हैं। वहीं, ईस्टर में प्रभु यीशु का पुनर्जन्म इस बात का भी संदेश देता है कि, सत्य कभी मरता नहीं है।

#### ईस्टर संडे कैसे मनाया जाता है

ईसाईयों के लिए ईस्टर संडे एक खास धार्मिक त्योहार के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन, वे चर्च जाते हैं, प्रार्थना करते हैं और यीशु मसीह के पुनर्जन्म का जश्न मनाते हैं। ईस्टर संडे, गुड फ्राइडे के तीसरे दिन मनाया जाता है। बाइबल और ईसाई धर्म के मुताबिक, गुड फ्राइडे के दिन ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था। तीन दिन बाद, ईस्टर संडे के दिन ईसा मसीह दोबारा जीवित हो गए थे। ईसाई धर्म के लोग ईस्टर संडे को ईसा मसीह के पुनर्जीवित होने की खुशी में मनाते हैं। इसका जश्न पूरे 40-50 दिनों तक चलता है। ईस्टर संडे पर चर्च और घरों को मोमबत्तियों से सजाया जाता है। कुछ जगहों पर, अंडा रोलिंग नाम की परंपरा भी है। इसमें बच्चे सजे हुए अंडे को पहाड़ी से नीचे लुढ़काते हैं। अंडा रोलिंग, यीशु की कब्र से पत्थर लुढ़कने का प्रतीक माना जाता है।

## चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में मिली बड़ी कामयाबी

# अब एआई टूल बताएगा, कहीं आपमें हृदय रोगों से मौत का खतरा तो नहीं?

हृदय रोग और इसके कारण होने वाली मौतों का जोखिम पिछले कुछ वर्षों में काफी तेजी से बढ़ा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण हृदय की सेहत पर नकारात्मक असर देखा जा रहा है। इसके अलावा कोरोना महामारी ने इसकी दिक्कतों को और भी बढ़ा दिया है। इसलिए जरूरी है सभी लोगों को हृदय को स्वस्थ रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। गौरतलब है कि हृदय रोग दुनियाभर में मृत्यु का प्रमुख कारण भी रहे हैं।हृदय रोगों के जोखिम को कैसे कम किया जाए, समय पर इसकी पहचान कैसे की जाए इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम लगातार शोध कर रही है। इस दिशा में ब्रिटिश शोधकर्ताओं को बड़ी कामयाबी मिली है। वैज्ञानिकों ने एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उपकरण विकसित किया है, दावा किया जा रहा है कि इसकी मदद से किसी व्यक्ति में वेंट्रीकुलर एरिथमिया (वीए) का आसानी से पता लगाया जा सकता है।वेंट्रीकुलर एरिथमिया, हृदय गति से संबंधित गंभीर समस्या मानी जाती है जो निचले कक्षों (वेंट्रिकल्स) से उत्पन्न होती है। इसका समय पर निदान-उपचार न हो पाए तो इसके जानलेवा दुष्प्रभाव हो सकते हैं।



### अध्ययन में क्या पता चला

यूरोपियन हार्ट जर्नल में इसके प्रकाशित शोधपत्र के अनुसार वैज्ञानिकों ने 270 वयस्कों के ईसीजी की जांच करके उनमें हृदय की स्थितियों के बारे में पता लगाने की कोशिश की। लगभग 159 लोगों ने घातक वेंट्रिकुलर अतालता का अनुभव किया था। एआई टूल का उपयोग हृदय ताल की जांच करने के लिए किया गया था ताकि प्रतिभागियों में ये पता लगाया जा सके कि कहीं इससे भविष्य में गंभीर समस्याओं का खतरा तो नहीं है? वैज्ञानिकों ने कहा ये टूल सटीक तरीके से समस्या के निदान में सहायक हो सकता है। हर पांच में से चार मामलों में, एआई उपकरण ने सही भविष्यवाणी की, इससे ये पता लगाना भी आसान हो सकता है कि किस मरीज में वेंट्रीकुलर एरिथमिया और इसके कारण गंभीर जोखिमों का खतरा हो सकता है?

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

यूनिवर्सिटी में इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी के प्रोफेसर आंद्रे एनजी कहते हैं, महत्वपूर्ण बात यह है कि इस उपकरण से ये जान सकते हैं कि किस व्यक्ति में जोखिम अधिक है। हम न सिर्फ इससे हृदय गति में समस्या के बारे में पता कर सकते हैं साथ ही इससे यह पता करने में भी मदद मिलती है कि किसे इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर डिफाइब्रिलेटर के साथ जीवन रक्षक उपचार की जरूरत हो सकती है।

### एआई टूल से वेंट्रीकुलर एरिथमिया का चल सकेगा पता

वेंट्रीकुलर एरिथमिया में दिल के तेजी से धड़कने और तेजी से रक्तचाप कम-ज्यादा होने जैसी दिक्कतें हो सकती हैं, जिसका अगर तुरंत इलाज न किया जाए तो इसके कारण कई लोगों में चेतना की हानि और अचानक मृत्यु का भी खतरा हो सकता है। इसको रोकने और समय रहते समस्या के निदान और उपचार के लिए वैज्ञानिकों ने **VA-ResNet**-50 नामक **AI** टूल विकसित किया है। इसकी मदद से हृदय गति की समस्या का समय पर निदान करने और अगर कोई दिक्कत है तो उसका उपचार करने में मदद मिल सकती है। वेंट्रीकुलर एरिथमिया की स्थिति हार्ट फेलियर जैसी दिक्कतों का भी कारण बन सकती है।



### गंभीर हृदय समस्याओं का चल सकेगा पता

शोधकर्ता कहते हैं, मरीजों के इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम की जांच में एआई का उपयोग करते हुए हम उनमें हृदय रोग की गंभीर समस्याओं के जोखिम को निर्धारित कर सकते हैं। उचित उपचार प्राप्त होने से रोगी का जीवन बचाना आसान हो सकता है। हृदय स्वास्थ्य के संबंध में ये आवश्यक हो जाता है कि समय पर रोगी की स्थिति का निदान और उपचार हो सके। ज्यादातर स्थितियों में अगर समय पर रोगी को उपचार मिल जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है।





# बिना इम्तिहान दिए आपको मिल सकती है सरकारी नौकरी

खेल कोटा के तहत भी बिना परीक्षा के सरकारी नौकरी पाने का मौका मिलता है। साथ ही, यहां कुछ वेबसाइट के बारे में बताया गया है, जहां आपको एक साथ सरकारी नौकरियों के बारे में सारी जानकारी मिल सकती है। सरकारी नौकरी ढूंढना एक मुश्किल काम हो सकता है, लेकिन यह असंभव नहीं है। सरकारी नौकरी ढूंढने के लिए आप कई स्तरों पर परीक्षाएं देते हैं, जैसे कि प्रीलिम्स, मेन्स और इंटरव्यू । इतनी तैयारी के बावजूद भी सरकारी नौकरी के लिए छात्रों को कई अटेम्प्ट देने पड़ते हैं। ये परीक्षाएं छात्रों के लिए काफी कठिन भी साबित होती हैं, पर क्या आप जानते हैं कि बिना एग्जाम दिए भी सरकारी नौकरी हासिल की जा सकती है। यहां कुछ जगहें दी गई हैं, जहां आपको एक साथ सरकारी नौकरियों के बारे में सारी जानकारी मिल सकती है।

### बिना परीक्षा दिए सरकारी नौकरी पाने के लिए ये तरीके अपनाए जा सकते हैं

My Gov Jobs की वेबसाइट सबसे पहले Mygov Jobs सर्च करें और Work at MyGov पर क्लिक करें। यहां भारत सरकार की तरफ से जारी की गई मैनेजर से लेकर सहायक तक के पद की एक सूची मिलेगी। इसकी मदद से आप अपने योग्य वैकेंसी चुन सकते हैं। भारतीय अदालतों में टाइपिस्ट के पदों के लिए आवेदन किया जा सकता है। इसके लिए लिखित परीक्षा नहीं देनी होती, लेकिन टाइपिंग टेस्ट और इंटरव्यू देना होता है।



यूपीएससी में नौकरियों के लिए आवेदन किया जा सकता है। इन भर्तियों के लिए भी किसी तरह की कोई लिखित परीक्षा नहीं होती। जैसे, असिस्टेंट डायरेक्टर, साइंटिस्ट-बी, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर ग्रेड-I, साइंटिस्ट-बी, स्पेशलिस्ट ग्रेड-III,साइंटिस्ट बी, इंजीनियर एंड शिप सर्वेयर कम डिप्टी डायरेक्टर जनरल और स्पेशलिस्ट ग्रेड-III आईटीआई अप्रेंटिस की वैकेंसी में भी बिना लिखित परीक्षा के नौकरी पाने के लिए आवेदन किया जा सकता है। इसमें ट्रेनी के तौर पर ज्वाइनिंग कराई जाती है।

### नीति आयोग की वेबसाइट

इसके साथ ही नीति आयोग की वेबसाइट पर वैकेंसी की कैटेगरी में आपको ऐसी कई पदें मिल जाएंगी, जिनमें आप अपनी योग्यता के अनुसार आवेदन कर सकेंगे। नीति आयोग में बिना परीक्षा के सरकारी नौकरी पाने के लिए, उम्मीदवारों को नीति आयोग की वेबसाइट पर जाकर अप्लाई करना होता है। नीति आयोग की जरूरतों के मुताबिक, उम्मीदवारों की प्रोफाइल की प्रारंभिक स्क्रीनिंग और शॉर्टलिस्टिंग के बाद, आगे की चयन प्रक्रिया के लिए कुछ उम्मीदवारों को बुलाया जाता है। नीति आयोग, नियुक्ति प्रक्रिया के किसी भी स्टेज पर किसी भी उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द करने के लिए स्वतंत्र है। अगर कोई उम्मीदवार अयोग्य पाया जाता है या गलत जानकारी, प्रमाण-पत्र या दस्तावेज पेश करता है ।

### BECIL की ऑफिशियल वेबसाइट

BECIL की ऑफिसियल वेबसाइट पर सरकारी विभागों जैसे कि एम्स, मिनिस्ट्री और आईआईएम में अप्लाई करने के लिए वैकेंसी मिल जाएंगी। ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (BECIL) में बिना परीक्षा के सरकारी नौकरी पाने का मौका मिलता है। BECIL साल भर कई पदों के लिए उम्मीदवारों की भर्ती करती है। BECIL में नौकरी पाने के लिए, इन स्टेप्स का पालन करें

BECIL की आधिकारिक वेबसाइट becil.com पर जाएं।करियर पेज पर क्लिक करें। रजिस्ट्रेशन फॉर्म पर क्लिक करें। आवेदन प्रक्रिया को आगे बढ़ाएं। फॉर्म भरें, शुल्क का भुगतान करें और फॉर्म जमा करें। भविष्य के लिए फॉर्म का प्रिंट आउट ले लें।



# हर साल की पढ़ाई पर मिलेगा सर्टिफिकेट व डिप्लोमा
# नए शिक्षा सत्र से सभी कॉलेजों में संचालित होगा नई शिक्षा नीति का पाठ्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

नए शिक्षा सत्र से प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में नई शिक्षा नीति के तहत एक समान पाठ्यक्रम संचालित किया जाएगा। शासन ने पाठ्यक्रम को रोजगार परक बनाने के उद्देश्य से सभी कॉलेजों में समान पाठ्यक्रम संचालित करने का निर्णय लिया है। शासन द्वारा गठित विभिन्न समितियां पाठ्यक्रम तैयार करने में जुटी हैं। शासन ने प्रदेश के सभी कॉलेजों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एक समान पाठ्यक्रम संचालित करने का निर्णय लिया है। पिछले साल प्रयोग बतौर नए पाठ्यक्रम को प्रदेश के सभी स्वशासी महाविद्यालयों में लागू किया था। स्वशासी महाविद्यालयों में पाठ्यक्रम के सफल होने के बाद अब सभी कॉलेजों में इसे लागू करने का निर्णय लिया गया है। पिछले दिनों रायपुर में हुई कुलपतियों की बैठक में विभिन्न टीमों का गठन कर नए पाठ्यक्रम का सिलेबस तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शासन द्वारा निर्धारित मापदण्ड के बाद समितियों द्वारा तैयार पाठ्यक्रम की समीक्षा उपरांत इसे लागू किया जाएगा। नए पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा से मुक्ति मिल जाएगी तथा सभी को सेमेस्टर प्रणाली के तहत हर 6 महीने में परीक्षा देनी होगी।

**खास बात**

- ऑनर्स करने के बाद विद्यार्थी शुरू कर सकेंगे शोध कार्य




### चार साल का होगा पाठ्यक्रम

नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक का पाठ्यक्रम चार साल का होगा। पहले साल की पढ़ाई के बाद विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट, दूसरे साल में डिप्लोमा, तीसरे साल स्नातक की डिग्री एवं चौथे साल आनर्स प्रदान किया जाएगा। आनर्स की डिग्री हासिल करने वाले विद्यार्थी स्नातकोत्तर की पढ़ाई किए बिना शोधकार्य प्रारम्भ कर सकेंगे। बीच में पढ़ाई बाधित होने पर विद्यार्थी अपने क्रेडिट के आधार पर दोबारा फिर से प्रदेश लेकर आगे की पढ़ाई पूरी कर सकेंगे। इसके लिए एक क्रेडिट बैंक बनाया जाएगा जिसमें विद्यार्थियों के सारे दस्तावेज सुरक्षित रहेंगे। अपने लॉग इन आईडी से विद्यार्थी कभी भी इन दस्तावेजों का उपयोग अपने आगे की पढ़ाई के लिए कर सकेंगे।

### एसजीजीयू के समक्ष कई चुनौतियां

संत गहिरा गुरू विवि वर्तमान में नवीन एवं पुराना दो पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है। नए सत्र से नई शिक्षा नीति का पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया जाएगा। नए पाठ्यक्रम के साथ पूर्व से संचालित दो पाठ्यक्रमों की परीक्षा एक साथ आयोजित करना किसी चुनौती से कम नहीं है। वर्तमान में उधार के भवन में संचालित हो रहे प्रशासनिक कार्यालय के विभागों का संचालन तंग कमरों में किया जा रहा है। इसीलिए विवि प्रबंधन प्रशासनिक कार्यालय एवं शैक्षणिक विभागों को अतिशीघ्र भकुरा परिसर स्थित निर्माणाधीन भवनों में शिफ्ट करने की तैयारियां कर रहा है। नए पाठ्यक्रम से स्वाध्यायी विद्यार्थीयों में ऊहापोह की स्थिति है। हालाकि वरिष्ठ अधिकारी स्वाध्यायी विद्यार्थियों को भी आंतरिक कार्य करा इसे सुगम बनाने की बात कह रहे हैं।

नए सत्र से विद्यार्थियों को नियमित अपनी कक्षा में उपस्थित होना होगा। क्योंकि अटेनडेंस कम होने पर विद्यार्थी परीक्षा से वंचित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को अलग-अलग साल की परीक्षा उपरांत सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, डिग्री एवं आनर्स प्रदान किया जाएगा। विद्यार्थी कभी भी अपनी पढ़ाई छोड़ सकेंगे तथा अंतराल के बाद किसी भी कॉलेज से फिर से आगे की पढ़ाइ शुरू कर सकेंगे। पढ़ाई के दौरान सभी विषयों के विद्यार्थियों को असाइन्मेंट सहित अन्य आंतरिक जिम्मेदारियों को पूरा करना होगा। इन व्यवहारिक कार्यों के लिए अंग भी निर्धारित किया जाएगा। सबसे खास बात है कि नए पाठ्यक्रम के तहत विद्यार्थियों की रूचि के अनुसार उनका कौशल विकास किया जाएगा ताकि कभी भी वे स्वयं का रोजगार प्रारम्भ कर सकें।

### तैयार है विश्वविद्यालय प्रबंधन

शासन की मंशा एवं गाइडलाइन के अनुसार नए सत्र से नई शिक्षा नीति का पाठ्यक्रम संचालित करने पूरी तरह तैयार है। विवि द्वारा पूर्व से नए एवं पुराने पाठ्यक्रम को संचालित किया जा रहा है वहीं नए सत्र से एनईपी पाठ्यक्रम संचालित किया जाएगा। एक साथ तीन पाठ्यक्रमों का संचालन चुनौतिपूर्ण है। विवि इन चुनौतियों के निराकरण के लिए अतिशीघ्र प्रशासनिक भवन व शैक्षणिक विभागों को भकुरा परिसर में शिफ्ट करने का प्रयास कर रहा है।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव, एसजीजीयू

## खबर संक्षेप



### हिंदू नवर्ष पर संभाग स्तरीय शोभायात्रा व धर्म सभा 9 को

**बिश्रामपुर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदू नववर्ष को हर्षोल्लास से मनाए जाने के उद्देश्य से शनिवार को दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के समीप हिंदू संगठनों के सदस्यों की बैठक आहूत की गई। बैठक में उपस्थितजन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदू नवर्ष चैत्र राम नवमी के अवसर पर 9 अप्रैल को सरगुजा संभाग स्तरीय भव्य शोभायात्रा निकालकर धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा। पिछले 10 वर्षों से लगातार किए जा रहे उक्त कार्यक्रम में हिंदू नवर्ष के अवसर पर 9 अप्रैल को प्रातः 10 बजे सभी हिंदू धर्मावलंबी नगर के अयप्पा ग्राउंड में एकत्र होंगे और यहां धर्म सभा उपरांत जिला मुख्यालय सूरजपुर तक भव्य शोभायात्रा निकाल कर आरती उपरांत कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। इस वर्ष उक्त कार्यक्रम की रूपरेखा आयोजक रुद्र सेना, 151 फिट विराट हनुमान मंदिर समिति पचिरा द्वारा लोकसभा चुनाव हेतु लगाए गए आचार संहिता नियमों का पालन करते हुए कार्यक्रम संपन्न कराए जाने की तैयारी की जा रही है। बैठक में मनोज पांडेय, सुनील सिंह, राम कुशवाहा, अशोक दुबे, सुजीत सिंह, त्रिभुवन राजवाड़े, प्रहलाद निषाद व अन्य उपस्थित थे।

### माशा मोहनपुर में कक्षा आठवीं के बच्चों को दी गई विदाई



**अम्बिकापुर।** शासकीय माध्यामिक शाला मोहनपुर में आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में विदाई दी गई। कार्यक्रम में आठवीं के छात्र-छात्राओं का बच्चों ने पुष्प गुच्छ एवं बैच लगाकर स्वागत किया। छात्रों ने विद्यालय में बिताए दिनों के संबंध में अपना अनुभव साझा किया। कार्यक्रम को शिक्षक अशोक कुमार तिर्की, द्वारिका प्रसाद पात्र, विनीता सिंह एवं अतिथियों ने संबोधित किया। इस दौरान शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कमल साय उपाध्यक्ष जमीला देवी, प्रधानपाठक निरंजन विश्वास, वर्षा पटेल उपस्थित थीं।

### कुदरगढ़ में रजवार समाज की हुई बैठक, लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



**ओड़गी।** विकास खंड ओड़गी अंतर्गत कुदरगढ़ देवी धाम में स्थित रजवार समाज भवन में आज कैबिनेट मंत्री पति ठाकुर प्रसाद राजवाड़े की अध्यक्षता में रजवार समाज भण्डारा सेवा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कई गांवों से आए हुए सामाजिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर समाज द्वारा भण्डारे का आयोजन करने का निर्णय लिया है। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस से सप्तमी तिथि तक चना, गुड़, पानी की व्यवस्था, अष्टमी तिथि को हलुआ का प्रसाद व नवमी तिथि को चावल, दाल, सब्जी, बाड़ा सब्जी का व्यवस्था किया जाएगा। बैठक चिंतावन राजवाड़े, भगतराम राजवाड़े, भुवनेश्वर प्रसाद राजवाड़े, चंद्रभान राजवाड़े, बुधराम, रामनारायण राजवाड़े, दीपक राजवाड़े, ठाकुर प्रसाद, मोहन राम राजवाड़े, शंकर लाल, नरेश राजवाड़े, अरुण राजवाड़े, योगेश, दया शंकर, परमेश्वर, उमेश्वर, कृष्णा राजवाड़े, केशव, हौसला प्रसाद राजवाड़े, हंस लाल राजवाड़े, श्यामलाल राजवाड़े, शांता प्रसाद राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।



## पछुआ विक्षोभ का प्रभाव अग्रसर हुआ पूर्वोत्तर की ओर, बादलों के साफ होते ही बढ़ेगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

पिछले तीन दिनों से सक्रिय पछुआ विक्षोभ का प्रभाव पूर्वोत्तर की ओर निकल गया है। हालाकि आसमान पर अभी भी बादल मौजूद हैं। मौसम अधिकारी सोमवार को कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बूंदाबादी होने एवं आसमान के साफ होने पर तापमान में तेज वृद्धि होने के साथ ही भीषण गर्मी पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों से सक्रिय पछुआ विक्षोभ अब कमजोर पड़ रहा है तथा विक्षोभ का प्रभाव पूर्वोत्तर की ओर निकल गया है। विक्षोभ का मूल केन्द्र अभी भी मध्यप्रदेश के आसपास मौजूद है। विक्षोभ के प्रभाव से वातावरण में नमी की मात्रा अधिक होने के कारण स्थानीय प्रभाव से अभी भी बादलों की आवाजाही जारी है। मौसम विज्ञानी सोमवार तक आसमान पर बादलों के मौजूद रहने एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं बूंदाबादी होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। सरगुजा में पछुआ विक्षोभ का कहीं भी खास प्रभाव देखने को नहीं मिला। इस दौरान शहर में दो दिन गरज-चमक एवं तेज हवा के साथ बूंदाबादी हुई वहीं कुछ क्षेत्रों में तेज गति से अंधड़ चला। इस बीच चिलचिलाती धूप निकलने के कारण शुक्रवार को दिन का तापमान औसत से 3 डिग्री ऊपर 37.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों की सक्रियता बढ़ने के कारण रात के तापमान में भी लगातार वृद्धि हो रही है। मौसम कार्यालय द्वारा रविवार को दिन का तापमान 36.0 डिग्री एवं रात का तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। अभी भी दिन का तापमान औसत से 1 डिग्री अधिक हैं। वर्तमान में मृतसागर के पास एक नया पछुआ विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। विक्षोभ भारत की ओर अग्रसर हुआ तो इसका प्रभाव अप्रैल के प्रथम सप्ताह के बाद पहुंच सकता है। ऐसे में एक बार फिर मौसम में उलटफेर होने की संभावना है।

- स्थानीय प्रभाव से बन रहे बादल, अब पड़ेगी भीषण गर्मी

### अब होगा भीषण गर्मी से सामना

वर्तमान में राजस्थान, गुजरात एवं पश्चिमी मध्यप्रदेश लू की चपेट में हैं। विक्षोभ के कमजोर पड़ने एवं बादलों के साफ होते ही राजस्थान एवं पश्चिमी मध्यप्रदेश से लू के थपेड़े पहुंचेंगे जिससे दिन एवं रात के तापमान में वृद्धि होने के साथ ही भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। मौसम विज्ञानी अप्रैल के प्रथम सप्ताह में दिन का तापमान 40 डिग्री तक पहुंचने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। इस संबंध में मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि विक्षोभ का प्रभाव पूर्वोत्तर की ओर अग्रसर हो गया है। स्थानीय प्रभाव से सोमवार को आसमान पर बादलों के मौजूद रहने एवं कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बूंदाबादी होने की संभावना है। आसमान साफ होने के बाद तापमान में वृद्धि होने की संभावना है।

## युवती का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म, अपचारी बालक समेत तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजपुर

शादी में शामिल होने आए युवकों ने घर में अकेली युवती का अपहरण कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है इसके साथ ही मामले की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत घटगांव उदरसई निवासी 21 वर्षीय रामधन पैकरा, 19 वर्षीय कलेश्वर पैकरा व एक अन्य 17 वर्षीय नाबालिग शादी समारोह में शामिल होने के लिए ग्राम चिरई आए हुए थे। पुलिस के अनुसार 27 मार्च को युवक गांव में घूम रहे थे इस दौरान वे शाम लगभग 7.30 बजे गांव में एक घर में पहुंचे और पहचान की युवती से बात करने लगे। बात करते हुए युवकों की नियत बिगड़ गई और उन्होंने जबरन उसका अपहरण कर लिया। आरोपी युवक युवती का मुंह दबाकर उसे अपने साथ बाइक पर बिठाकर ग्राम दुर्गापुर के तुण्डडांड खेत में ले गए और बारी बारी उसके साथ दुष्कर्म किया। सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी युवती को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। देर रात युवती किसी तरह घर पहुंची और अपने साथ हुई घटना की जानकारी परिजन को दी जिसके बाद युवती की शिकायत पर पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर थाना प्रभारी जितेंद्र सोनी के नेतृत्व में जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस द्वारा धारा 366, 376 (घ) भादवि के तहत आरोपी कलेश्वर पैकरा व रामधन पैकरा एवं अपचारी बालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।



***अंबिकापुर।** ग्राम बसंतपुर निवासी 55 वर्षीय कईला राम 24 मार्च को किसी काम के लिए साइकिल से ग्राम रूपपुर गया हुआ था। रूपपुर से वापस घर लौटते समय सुबह 10 बजे जैसे ही वह घर के समीप पहुंचा रोड पार करते समय कार चालक ने ग्रामीण को टक्कर मार दी। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल ग्रामीण को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया।

## संभागीय उड़नदस्ता टीम ने पांच किलो गांजा के साथ महिला को किया गिरफ्तार



**अम्बिकापुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम की कार्रवाई जारी है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में उड़नदस्ता टीम लगातार कार्रवाई की जा रही है। आज उड़नदस्ता ऑफिस में टीम को मुखबिर से सूचना मिला कि लुण्ड्रा थाना अंतर्गत ग्राम असकला निवासी बीमा यादव के घर में आसपास क्षेत्र में खपाने के लिए बड़ी मात्रा में गांजा उतारा गया है। सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता टीम के साथ असकला निवासी बीमा यादव के घर दबिश दी तो सरकारी वाहन एवं वर्दीधारी को देखकर एक महिला बैग लेकर अपने घर के पीछे भागने लगी जिसे दौड़ा कर महिला सैनिक द्वारा पकड़ा गया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम बीमा यादव बताया।। बीमा यादव के बैग की तलाशी लेने पर उसके बैग से एक-एक किलो का पांच पैकेट गांजा रखा हुआ था।। पांच किलोग्राम जब्त कर उसके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी बीमा यादव को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षण रमेश दुबे, कुमारु राम, आबकारी आरक्षक अशोक सोनी, रामाधार कुशवाहा, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं ममता विश्वकर्मा सक्रिय रहे। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया की दो सप्ताह के भीतर दूसरी कार्रवाई है। इससे पूर्व श्याम सुंदर मिश्रा को 3 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया था उसके पूर्व बलराम मिश्रा को भी 3.5 किलो गांजा में जेल दाखिल किया गया था।। नशीले पदार्थों के विरुद्ध उड़नदस्ता टीम की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी रहेगी।

## तेज आंधी और तूफान से गिरे खंबे व पेड़, रात भर एसईसीएल कॉलोनी में छाया रहा अंधेरा

**सोनगरा।** शनिवार की दोपहर तक मौसम साफ रहा और दोपहर बाद अचानक मौसम बदलते ही तेज आंधी के साथ बारिश हुई। आंधी की वजह से बिजली के खंभे व ट्रांसफार्मर उखड़ कर गिर गए। जिससे गांवों में बिजली आपूर्ति ठप रही। वहीं सड़कों पर पेड़ के गिरने से यातायात सेवा भी बाधित रही। आंधी में कई होर्डिंग भी उड़ गए। नगर पंचायत जरही क्षेत्र मे शनिवार की शाम आई आंधी-तूफान ने कई घरों को तबाह कर दिया। आंधी के साथ कई स्थानों पर बारिश और ओले भी गिरे। जरही मोड़ स्थित एसईसीएल कॉलोनी में एसईसीएल कर्मी राजेश मिश्रा के घर पर पेड़ गिर जाने से घर सहित हजारों की संपत्ति का नुकसान हुआ। शक्ति नगर में बिजली के तार पर पेड़ गिर जाने से बिजली बाधित हो गया। तेज आंधी-तूफान से आसपास क्षेत्र के कई गांव में अंधेरा पसरा हुआ था। बिजली न होने से शिवानी परियोजना के उत्पादन पर असर पड़ रहा है। वहीं भटगांव एसईसीएल क्षेत्र के कई स्थानों पर बिजली के खंभे व पेड़ गिर जाने से पूरी रात विद्युत आपूर्ति ठप रही और लोगों को अंधेरा में रात गुजारना पड़ा। डीएव्ही स्कूल चौक के समीप पेड़ टूटकर बिजली के तार पर गिरने से देर शाम तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।



### शिवानी कोयला खदान हुआ प्रभावित

भटगांव क्षेत्र स्थित शिवानी कोयला खदान आंधी-तूफान और तेज बारिश के चलते प्रभावित हुआ है। शनिवार की रात ब्लैकआउट की स्थिति बनी रही। इसी तरह जरही के मुख्य बाजार और आसपास का क्षेत्र पूरी रात अंधेरे पसरा रहा। हालांकि विद्युत विभाग द्वारा मरम्मत कार्य तेज कर दी है। जबकि बिजली के खंभे उखड़ने से ढिगावा, लोहारू और बहल आदि इलाकों में बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। बिजली कर्मचारियों की टीमें फाल्ट ढूंढने और टूटे खंभों को नए सिरे से लगाने में जुटे रहे।

## श्रीराम मंदिर में ब्राह्मण समाज ने मनाया रंग पंचमी

**रामानुजगंज।** ब्राह्मण समाज द्वारा रंग पंचमी के अवसर पर शनिवार को नगर के कनहर नदी के तट स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी विप्रजनों को तिलक लगाकर रंग पंचमी का त्यौहार मनाया गया। इस दौरान समाज को एकजुट रखने और समाज के लोगों के बीच छोटे-बड़े आयोजन करते हुए सक्रियता बनाए रखने के विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में रमाशंकर दुबे, एमडी पाण्डेय, विपिन पाठक, मनोज दुबे, प्रदीप चौबे, प्रभाकर द्विवेदी, राजा तिवारी, विकास दुबे, दीपक दुबे, अमित चौबे, आशीष चौबे, प्रमोद मिश्रा, यशपाल दुबे, धनंजय दुबे, मनोज तिवारी, उज्जवल तिवारी, लवकेश पाण्डेय, विनायक मिश्रा, आकाश तिवारी, आनंद मिश्रा, सूरज मिश्रा, अर्पित तिवारी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

हरिभूमि

पाठकों के लिए माह मार्च 2024 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 9 दिन | 4.00 | 36.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 29 दिन, | कुल योग= | 136.00 |

कृपया पाठकगण माह मार्च 2024 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अप्रैल 2024 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर










